फा. सं. 20014/01/2025-रा.भा.(का.2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एनडीसीसी-2 भवन,बी विंग,चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001,
दिनांकः 24.10.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 47 वीं बैठक में हिंदी पखवाड़े में की गई विभिन्न गतिविधियों की सूचना प्रदान करने संबंधी ।**

कृपया दिनांक 08/10/2025 के समसंख्यक का. ज्ञा. का सन्दर्भ लें। उक्त का.ज्ञा. के अनुसार **सचिव, राजभाषा विभाग** की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 47 वीं बैठक तीन चरणों में **06, 07 एवं 10 नवंबर, 2025 को सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, एनडीसीसी-2 भवन, जय सिंह मार्ग, नई दिल्ली** में आयोजित की जाएगी ।

2. उपरोक्त बैठक में अन्य मदों के साथ-साथ मंत्रालयों/विभागों में वर्ष 2025 के दौरान हिंदी पखवाड़े में की गई विभिन्न गतिविधियों पर भी चर्चा की जाएगी। अतः निम्नानुसार सूचना उपलब्ध करवाने का अनुरोध है :-

i. मंत्रालयों/विभागों द्वारा पखवाड़े के दौरान की गई गतिविधियों का ब्यौरा।

ii. इस दौरान किए गए नवोन्मेषी कार्यों का ब्यौरा ।

iii. पखवाड़े में विजेताओं को प्रदान किए गए पुरस्कारों का ब्यौरा ।

3. अतः समिति के सदस्यों (भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के विभागाध्यक्ष, जो राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष हैं) से अनुरोध है कि वे बैठक में उक्त बिन्दुओं की सूचना के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)**
निदेशक(कार्यान्वयन)
दूरभाष: 23438129

**प्रति :** भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के संयुक्त सचिव (प्रशासन) एवं अध्यक्ष, विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी ।
2. संयुक्त सचिव(रा.भा.) के प्रधान निजी सचिव।
3. तकनीकी निदेशक (एनआईसी) को वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु।